मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.) India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / सा.प्र. / राजभाषा / 2026 / 1762 दिनांक: 23.11.2026

/ / परिपत्र / /

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (01.10.2026 से 31.12.2026 तक) बैठक दिनांक 27.10.2026 को निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद् कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे सबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

संलग्नः कार्यवृत्त।

23/11/26
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

प्रतिलिपिः

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।
4. डॉ. सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

पता : लिंक रोड क्रं. 3, माता मंदिर के पास, भोपाल - 462003 (म.प्र.) भारत
Address: MANIT, Link Road No. 3, Near Mata Mandir, Bhopal - 462003 (M.P.) INDIA
फोन/ Phone: +91-755-4051000, 4052000 फैक्स/ Fax: +91-755-2670562 वेब./Web.: http://www.manit.ac.in

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.) India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक स्था./राजभाषा/2026/ 1748 दिनांक: 19../11/2026

// बैठक का कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2026-27 की द्वितीय तिमाही (01.10.2026 से 31.12.2026 तक) की बैठक दिनांक 27.10.2026 को संस्थान के निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद् कक्ष में आयोजित हुई। संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य समस्त समिति सदस्यों का स्वागत किया गया और निम्न विन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

1. पिछली तिमाही (01.07.2026 से 30.09.2026) के कार्यवृत की पुष्टि:

समिति की अनुशंसा : पिछली तिमाही के जारी कार्यवृत दिनांक 11.08.2026 की पुष्टि की गई। अध्यक्ष महोदय ने हिंदी माह 2026 में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी साथ ही प्रभारी वेबसाइट द्वारा यह बताया गया है कि वेबसाइट को हिंदी में खुलने के लिए प्रथम पृष्ठ के लिए सभी विभागों से अनुवाद किये गए पेज का प्रमाणीकरण मांगा था कुछ विभागों से प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुके हैं अन्य विभागों से प्रमाणीकरण प्राप्त होने पर वेबसाइट को आनलाइन किया जाएगा।

2. हिंदी में दैनिक कार्यालयीन कार्य जैसे टिप्पणी, लेख एवं अन्य पत्राचार कार्य का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट संकाय सदस्य/अधिकारी/कर्मचारी को प्रत्येक माह में तिमाही बैठक के दौरान प्रोत्साहन हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए।

समिति की अनुशंसा : प्रत्येक तिमाही हिंदी में सर्वाधिक दैनिक कार्यालयीन कार्य से संबंधित एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। गठित समिति प्रत्येक विभाग/अनुभाग/केन्द्र से प्राप्त पृविष्टी के आधार पर अनुशंसा कर प्रत्येक तिमाही एक संकाय और गैर संकाय सदस्य को प्रमाण पत्र हेतु नामित करेगी।

3. समस्त विभाग/अनुभाग/केन्द्र पुस्तकालय को हिंदी भाषा/साहित्य की किताबें खरीदने के लिए अनुशंसा प्रस्तुत करेंगें जिससे कि पुस्तकालय द्वारा पर्याप्त मात्रा में हिंदी भाषा/साहित्य की किताबें खरीद सके।

समिति की अनुशंसा : पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया कि समय-समय पर हिंदी से संबंधित पुस्तकें खरीदी जा रही हैं।

4. संस्थान की समस्त विभाग/अनुभाग/केन्द्र उनके संकाय एवं गैर संकाय सदस्यों के मध्य प्रत्येक माह में विभागीय स्तर पर संभाषण करायेंगे जिसमें वक्ता संस्थान के संकाय सदस्य /गैर संकाय सदस्य ही रहेगें एवं उनके विचारों को लिपिबद्ध करने का प्रयास विभागीय स्तर पर किया जाए।

सचिव

पता : लिंक रोड क्रं. 3, माता मंदिर के पास, भोपाल - 462003 (म.प्र.) भारत
Address: MANIT, Link Road No. 3, Near Mata Mandir, Bhopal - 462003 (M.P.) INDIA
फोन/ Phone: +91-755-4051000, 4052000 फैक्स/ Fax: +91-755-2670562 वेब./Web.: http://www.manit.ac.in

समिति की अनुशंसा : पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा इस कार्य हेतु सहयोग प्रस्ताव की प्रशंसा की गई एवं प्रत्येक तिमाही उपरोक्त संभाषण पुस्तकालय में विभागीय स्तर पर कराने का निर्णय लिया गया।

5. हिंदी माह में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेताओं की रचनाओं (निबंध एवं नारा लेखन) को संस्थान द्वारा प्रकाशित क्षितिज पत्रिका में प्रकाशित किया जाए।

समिति की अनुशंसा : समिति द्वारा स्वीकार किया गया।

6. हिंदी माह के दौरान जारी माननीय शिक्षा मंत्री जी, केविनेट सचिव के संदेश को एवं शिक्षा मंत्रालय के सचिव जी की अपील को संस्थान द्वारा प्रकाशित क्षितिज पत्रिका में प्रकाशित किया जाए।

समिति की अनुशंसा : समिति द्वारा स्वीकार किया गया।

7. कार्यालय के कामकाज में हिंदी भाषा का उपयोग एवं तिमाही रिपोर्ट में सही प्रविष्टि पर आधारित कार्याशाला का आयोजन ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी मोड में रसायन शास्त्र विभाग (Chemistry Department) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है जिसमें राजभाषा विभाग या राजभाषा से संबंधित अन्य किसी विभाग से राजभाषा आधिकारी/ कर्मचारी को आमंत्रित करना प्रस्तावित है।

समिति की अनुशंसा : समिति द्वारा निर्णय किया गया कि इस तिमाही उपरोक्त विषय पर कार्यशाला रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की जाए।

8. संस्थान का आदर्श वाक्य विद्या परं भूषणं शुद्धिकरण उपरांत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से प्राप्त सुझाव के ई-मेल दिनांक 24.10.2026 के अनुरूप " विद्या परं भूषणम् " समिति द्वारा स्वीकार किया जाए।

समिति की अनुशंसा : समिति ने निर्णय लिया कि अन्य संस्कृत संस्थानों (महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान उज्जैन एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली) से भी सही वर्तनी की पुष्टी की जाए।

बैठक के अंत में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

16/11/26

सहा. कुलसचिव (राजभाषा)
संयोजक

सर्वेश
16/11

कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

परामर्शदात्री
राजभाषा

16/11/2026

For निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा